प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

28.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण के लिए मतदान आज शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो तीन बजे तक चला। कुछ मतदान केंद्रों पर अभी भी मतदान जारी है, क्योंकि यहां मतदान का समय खत्म होने के बाद भी मतदाताओं की लाईने लगी हुई हैं। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार 2 सौ 76 पंचायतों में वोट डाले गए। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी और आज रात तक सभी नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में कुल 17 लाख 30 हजार 30 मतदाता हैं। इसमें सबसे अधिक करीब 4 लाख मतदाता कांगड़ा जिला से है जबकि सबसे कम 8 हजार 875 मतदाता लाहौल–स्पीति में हैं। इस बीच 30 मई को तीसरे और अंतिम चरण के लिए होने वाले मतदान को लेकर आज दोपहर 3 बजे सक्रिय चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इसके बाद अब उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से ही प्रचार कर सकेंगे। तीनों चरणों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों और चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

....

मतदाता

इस बीच पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज हुए मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। खासकर उम्रदराज मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में जोर दार उत्साह दिखाया। पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही।

....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि सरकार प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक ऐसा स्कूल स्थापित करने का प्रयास कर रही है जिससे दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन स्कूलों में प्री प्राईमरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक समग्र शिक्षा प्रदान की जाएगी और इनमें स्मार्ट कक्षाएं, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंगपूल और अन्य आधुनिक सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि

सरकार द्वारा ये पहल राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए किए जा रहे सुधारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

....

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महीने के आखिरी रविवार यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

....

ईद

ईद–उल–अजहा यानी बकरीद का पर्व आज प्रदेश भर में उत्साह पूर्व और भाई चारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों में जाकर ईद की नमाज अता की और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इस दौरान लोगों ने अमन, शांति और खुशहाली की दुआ भी मांगी। राजधानी शिमला में ईद की मुख्य नमाज ईदगाह मैदान में अता की गई। चंबा में भी ऐतिहासिक चौगान नम्बर पांच में ईद की नमाज अता की गई इस मौके पर जहां छोटे–छोटे बच्चे नई पोशाकों में उत्साहित नजर आए वहीं बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ नमाज में भाग लिया।

....

दुर्घटना

कुल्लू जिला की लग घाटी की बढ़ई–बाग–पीज सड़क पर आज एक टैक्सी वाहन के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हो गए। ये लोग पंचायत चुनाव में वोट डालने के बाद शिरड़ मेला देखने जा रहे थे। घायलों को कुल्लू के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है।

....

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। खास कर राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगडा, सोलन और सिरमौर के अलग–अलग स्थानों पर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि राज्य में आज कुछ स्थानों पर सुबह से ही हल्के बादल छाए रहने से तापमान में कुछ कमी आई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के तीन जिलों कुल्लू, मंडी और शिमला में अलग–अलग स्थानों पर ओला वृष्टि, अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से आंधी तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सात जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर में भी कुछ स्थानों पर अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से आंधी तूफान चलने का येला अलर्ट जारी किया है।

[...]